# केंद्रीय विद्यालय संगठन

## केंद्रीय विद्यालय, रघुनाथपुरा विषय - हिन्दी (कक्षा- तीसरी)

## अर्धवार्षिक अवकाश शैक्षिक सत्र - 2017-18

## अपठित गद्यांश 1

**नीचे लिखी पंक्तियों को पढ़ो और आगे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखो।**

एक रोज एक कुत्ता अपने मुँह में रोटी का एक टुकड़ा दबाये एक पुल पर से नदी के उस पार जा रहा था। नदी का पानी बहुत साफ़ था। कुत्ते ने झाँक कर देखा, तो उसे पानी में अपनी परछाई दिखाई पड़ी। उसने सोचा कि कोई दूसरा कुत्ता मुँह में रोटी दबाकर जा रहा है। वह उस रोटी को भी खाना चाहता था। उसने जैसे ही दूसरे कुत्ते पर भौंकना शुरु किया, वैसे ही उसकी अपनी रोटी भी पानी में गिर गई। वह बहुत पछताया और मुँह लटकाये वहाँ से चला गया।

१. कुत्ते के मुँह में क्या था?
२. कुत्ता कहाँ जा रहा था?
३. नदी का पानी कैसा था?
४. नदी को पार करते समय कुत्ते ने क्या देखा?
५. परछाई को देखकर कुत्ते ने क्या सोचा?
६. वह क्या चाहता था?
७. अंत में उसके साथ क्या हुआ?
८. ‘ कुत्ता ’ शब्द का बहुवचन बनाऔ।
९. इस कहानी का क्या नाम रखोगे?
१०. इस कहानी से क्या शिक्षा मिलती है?

## अपठित गद्यांश 2

**1. गद्यांश पढकर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दो :**

| वफ़ादार नेवला |
|---|
| एक गाँव में एक किसान रहता था। उसका एक बेटा भी था। किसान और उसकी पत्नी अपने बेटे से बहुत प्यार करते थे। एक दिन किसान अपने बेटे के लिए एक नेवले का बच्चा लाया। किसान ने कहा,“ हमारा बेटा इस नेवले के साथ खेलेगा।” किसान का बच्चा और नेवला दोनों बड़े होने लगे। एक दिन किसान की पत्नी ने अपने बच्चे को दूध पिलाकर पालने में सुला दिया। वह थैला उठाकर बाज़ार जाने के लिए तैयार हो गई। बाज़ार जाते हुए उसने किसान से कहा,“बच्चा पालने में सो रहा है। ज़रा ध्यान रखना। मुझे इस नेवले से बहुत डर लगता है।” यह कहकर वो बाज़ार चली गई। |

**अब आगे लिखे रिक्त स्थान भरो।**

१. एकगाँव में एक................................ रहता था।

२. किसान और उसकी पत्नी ............................................ से बहुत प्यार करते थे।

३. एक दिन किसान एक ......................................... लाया।

४. किसान की पत्नी ने अपने बच्चे को ................................ पिलाया।

५. बच्चा ...................................... में सो रहा है।

**अब आगे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखो।**

६. किसान के कितने बच्चे थे ?

..........................................................................................................................................

७. किसान नेवला किसके लिए लाया था ?

..........................................................................................................................................

८. किसान की पत्नी कहाँ जा रही थी ?

..........................................................................................................................................

९. नेवले से कौन डरता था ?

..........................................................................................................................................

१०. ये शब्द किसने कहे थे?

"बच्चा पालने में सो रहा है । ज़रा ध्यान रखना ।"

..........................................................................................................................................

## अपठित गद्यांश 3

**1. गद्यांश पढकर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दो :**

हमारे देश का नाम भारत है। इसकी संस्कृति बहुत पुरानी है। प्राचीन काल में इसे सोने की चिड़िया कहा जाता था। दूर-दूर के देशों के लोग यहाँ व्यापार करने आते थे। इसके उत्तर में हिमालय है, जो दुनिया का सबसे ऊँचा पर्वत है। इसके दक्षिण में विशाल हिंदमहासागर है। हिमालय से अनेक पवित्र नदियाँ निकलती हैं। ये नदियाँ देश को हरा-भरा रखती हैं। हमारे देश में छ्ह ऋतुएँ होती हैं। हमारे देश में राम-कृष्ण जैसे वीर, बुद्ध,विवेकानंद और गाँधी जी जैसे महान पुरुषों ने जन्म लिया। आपसी फूट के कारण हम सैंकड़ों वर्षों तक गुलाम रहे। आज हम आज़ाद हैं। भारत में अनेक धर्म और जातियों के लोग रहते हैं। हमें ध्यान रखना चाहिए कि हम पहले भारतीय हैं, फ़िर और कुछ।

**अब आगे लिखे रिक्त स्थान भरो।**

1. भारत की संस्कृति बहुत ........................है।
2. हिमालय दुनिया का सबसे ........................ पर्वत है।
3. हिमालय से अनेक ..............................नदियाँ निकलती हैं।
4. ये नदियाँ देश को ................................ रखती हैं।
5. भारत में अनेक .................... और ....................लोगों ने जन्म लिया।

**अब आगे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखो।**

6. प्राचीन काल में भारत को क्या कहा जाता था ?
7. दूसरे देशों के लोग यहाँ क्या करने आते थे ?
8. भारत के उत्तर और दक्षिण में क्या-क्या है ?
9. भारत में कितनी ऋतुएँ होती हैं ?
10.हमें क्या ध्यान रखना चाहिए ?

# अपठित गद्यांश 4

**1. गद्यांश पढकर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दो :**

सुनीता सुबह सात बजे सोकर उठी। कुछ देर तो वह अपने बिस्तर पर ही बैठी रही। वह सोच रही थी कि आज उसे क्या - क्या काम करने हैं। उसे याद आया कि आज तो बाज़ार जाना है। सोचते ही उसकी आँखों में चमक आ गई। वह आज पहली बार अकेले बाज़ार जाने वाली थी।

सुनीता पलंग का सहारा लेती हुई अपनी पहिया कुर्सी तक बढ़ी। सुनीता चलने-फिरने के लिए पहिया कुर्सी की मदद लेती है।

आठ बजे नहा-धो कर सुनीता तैयार हो गई। माँ ने मेज पर नाश्ता लगा दिया था। नाश्ता करते-करते उसने पूछा, “माँ, बाज़ार से क्या- क्या लाना है?”

“एक किलो चीनी लानी है। पर क्या तुम अकेले सँभाल लोगी?”

“पक्का” सुनीता ने मुस्कुराते हुए कहा।

## अब आगे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखो।

१. सुनीता कितने बजे सोकर उठी। ?

२. सुनीता क्या सोच रही थी ?

३. उसे क्या याद आया ?

४. सुनीता की आँखों में चमक क्यों आ गई ?

५. बाज़ार से क्या- क्या लाना था ?

६. ऊपर दी गई पंक्तियों से इन शब्द के समानार्थक शब्द ढूढ़ों ।

सहायता - ..................................

७. ऊपर दी गई पंक्तियों से इन शब्दों के विलोम शब्द ढूँढ़ो ।

आखिरी- ..................................

८. नीचे दिए गए शब्द का लिंग बदल कर लिखो ।

माँ - ....................................

९. नीचे दिए गए शब्दों से अपने मनपसंद वाक्य बनाओ ।

तैयार:- ------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

१०. ‘कुर्सी’ शब्द का बहुवचन लिखो।

# अपठित गद्यांश 5

**1. गद्यांश पढकर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दो :**

एक बार सुलेमान नाम के बादशाह आकाश में चलने वाले अपने उड़नखटोले पर बैठे कहीं जा रहे थे। बडी गर्मी थी। धूप में वह परेशान हो रहे थे। आकाश में उड़ने वाले गिद्धों से उन्होंने कहा कि अपने पंखों से तुम लोग मेरे सिर पर छाया कर दो। पर गिद्धों ने ऐसा करने से मना कर दिया। उन्होंने बहाना बनाते हुए कहा,"हम तो इतने छोटे-छोटे हैं। हमारी गर्दन पर पंख भी नहीं हैं। हम छाया कैसे कर सकते हैं !" सुलेमान आगे बढ गए। कुछ दूर जाने पर उनकी भेंट हुदहुदों के मुखिया से हुई। सुलेमान ने उससे भी मदद माँगी। हुदहुदों ने बादशाह सुलेमान के ऊपर छाया कर दी।

1 सुलेमान बादशाह कैसे जा रहे थे ?

2 आकाश में उडने वाले गिद्धों से उन्होंने क्या कहा ?

3 विलोम शब्द लिखो।

सर्दी ------------------------ पाताल ----------------------

4 गिद्धों ने बहाना बनाते हुए क्या कहा ?

5 कुछ दूर जाने पर उनकी भेंट किससे हुई ?

6 हुदहुदों ने क्या किया ?

7 कैसा मौसम था ?

8 वाक्य पूरा करो। धूप से लोग --------------------------- हो रहे थे।

9 लिंग बदलो। बेगम --------------------------

10 वाक्य बनाओ। गर्मी :- ---------------------------------------------------------------------------------------------

# पठित गद्यांश 1

**1. गद्यांश पढकर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दो :**

एक था जंगल । उस जंगल में एक शेर भोजन करके आराम कर रहा था। इतने में एक मक्खी उडती-उडती वहां आ पहुंची। शेर ने दो-तीन दिनों से स्नान नहीं किया था। इसलिए मक्खी शेर के कान के एकदम पास भिन-भिन करने लगी। शेर को बहुत मुश्किल से नींद आई थी। उसने पंजा उठाया। मक्खी उड़ गई... लेकिन फिर से शेर के कान के पास भिन-भिन शुरु हो गई। अब शेर को गुस्सा आया।

1. जंगल में कौन आराम कर रहा था ?
2. इतने में वहां कौन आ गई ?
3. मक्खी शेर के कान के पास क्या करने लगी ?
4. शेर को नींद कैसे आई थी?
5. शेर को मक्खी पर क्या आया?

6. शेर ने कितने दिनो से स्नान नहीं किया था?

7. लिंग बदलो । जैसे -रानी -- राजा शेरनी - ...............

वाक्य पूरा करो।

8. शेर को बहुत .........................से नींद आई थी ।

9. शेर को -------------- आ गया।

10. 'मुश्किल'शब्द का अर्थ लिखो। --------------------------------

## पठित गद्यांश 2

**1. गद्यांश पढकर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दो :**

एक शेर किसान के पास आया। शेर ने उससे कहा -अपना बैल मुझे देदे नहीं तो मैं तुझे खा जाऊँगा ।किसान ने कहा कि तू यहीं रुक, मैं घर जाकर अपनी गाय लेकर आता हूँ। यह बात उसने अपनी बीबी बित्तो को बताई। बित्तो ने उससे कहा कि अगर गाय चली गई तो बच्चों के लिये दूध नहीं । बित्तो ने खेत पर जाकर चिल्लाने लगी - अरे किसान सुना है चार शेरों को फ़ांस रखा हैं यहाँ तो एक ही है।शेर यह सुन कर भाग गया । बित्तो ने अपनी गाय और बैल की जान बचा ली।

प्रश्न 1- किसान की बीबी का क्या नाम था?

प्रश्न 2-किसान के पास कौन आया?

प्रश्न 3-शेर ने किसान से क्या कहा ?

प्रश्न 4-किसान घर क्या लेने के लिये गया था?

प्रश्न 5-गाय चली जाती तो क्या होता?

प्रश्न 6-शेर ने बित्तो की बात सुन कर क्या किया?

प्रश्न 7-बित्तो ने किसकी जान बचा ली?

प्रश्न 8-निम्नलिखित शब्द का प्रयोग अपने वाक्य में करो:-

प्रश्न 9-काम वाले शब्द पर सही [✓] का निशान लगाओ:-

[क] मुझे [ख] बीबी [ग] जाकर [घ] दूध

प्रश्न 10-नाम वाले शब्द पर सही [✓] का निशान लगाओ:-

[क] चिल्लाने [ख] बित्तो [ग] भाग गया [घ] मिलेगा

## पठित गद्यांश 3

**1. गद्यांश पढकर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दो :**

बहुत समय पहले की बात है एक बूढी अम्मा थी। बिल्कुल अकेली। उसका अपना कोई नहीं था। घर का कामकाज उसे खुद ही करना पडता था। सुबह उठकर कुएँ से पानी लाना, खाना बनाना आदि। उसके साथ एक परेशानी थी। वह रोज सुबह उठकर जब घर में झाड़ू लगाती तब तक तो सब ठीक रहता पर जैसे आँगन में जाती और झाड़ू लगाने के लिए झुकती तभी आसमान आकर उसकी कमर से टकराता।

क) बात किस समय की है?

ख) अम्मा कैसी थी ?

ग) अम्मा किसके साथ रहती थी?

घ) अम्मा अकेली क्यों रहती थी ?

ङ) घर का कामकाज किसे करना पड़ता था?

च) अम्मा कहाँ से पानी लेकर आती थी ?

छ) विपरीत शब्द लिखो । जवान -------------------------

ज) वचन बदलो । परेशानी --------------------------

झ) गद्यांश में से कोई एक व्यक्तिवाचक संज्ञा छांटो -------------------------------

य) गद्यांश में से कोई एक विशेषण शब्द छांटो ------------------------------------------

# पठित गद्यांश 4

## 1. गद्यांश पढकर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दो :

उसी गाँव में एक धोबी रहता था। वह भी बारिश से परेशान था। आज सुबह से उसका गधा गायब था। सार दिन वह बारिश में भीगता रहा और जगह-जगह गधे को ढूँढता रहा लेकिन वह कहीं नही मिला।

धोबी की पत्नी बोली- जाकर गाँव के पंडित जी से क्यों नहीं पूछते? वे बडे ज्ञानी हैं। आगे-पीछे, सबके हाल की उन्हें खबर रहती है। पत्नी की बात धोबी को जँच गई? अपना मोटा लट्ठ उठाकर वह पंडित जी के घर की तरफ चल पडा। उसने देखा कि पंडित जी घर में जमा बारिश का पानी उलीच-उलीचकर फेंक रहे थे।

क) उसी गाँव में कौन रहता था ?

ख) वह किससे परेशान था ?

ग) उसका गधा कब से गायब था ?

घ) सारा दिन वह किसमें भीगता रहा ?

ङ) उसने गधे को कहाँ- कहाँ ढूँढा ?

च) धोबी की पत्नी ने क्या कहा ?

छ) विपरीत शब्द लिखो । पतला --------------------

ज) समानार्थक शब्द लिखो । वर्षा ---------------------

झ) 'परेशान' शब्द को वाक्य में प्रयोग करो । --------------------------------------------------------------

य) यह गद्यांश किस पाठ से लिया गया है ?

# व्याकरण

**प्रश्न 1 निम्नलिखितशब्दों के विलोम शब्द लिखो :**

क) आना

ख) रात

ग) बड़ा

घ) रोना

ड़) प्रश्न

च) पास

छ) मोटा

ज) हार

झ) सस्ता

ट) आलसी

**प्रश्न 2 लिंग बदलो :**

क) शेर

ख) हंस

ग) मोर

घ) चोर

ड़) भाई

च) घोडा

छ) बकरा

ज) तोता

झ) माता

ट) लड़का

**प्रश्न 3 निम्नलिखित शब्दों को वाक्यों में प्रयोग करें ।**

क) किसान

ख) बादल

ग) चतुराई

घ) सहायता

ड़) प्रार्थना

**प्रश्न 4 मुहावरे का अर्थ लिखो ।**

क) लाल पीला होना ---

ख) आग बबूला होना ----

ग) होश - हवाश उड़ना -------

घ) पाला पडना -------

ड़) लाल पीला होना ----

**प्रश्न 5 निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखो ।**

क) हवा --------

ख) चाँद -----

ग) बेटा

घ) हाथी

ड़) सूरज

**प्रश्न 6 अर्थ लिखो ।**

क) जवाब ----

ख) मरियल ------

ग) तरकीब --------------

घ) झगडालू ------

ड़) दिन- भर

**प्रश्न 7 वचन बदलो ।**

क) कहानी

ख) झोंपडी

ग) पोथी

घ) गधा

ड़) बिल्ली

च) चरखा

छ) पोता

**प्रश्न 8 वचन बदलो ।**

शब्द बनाओ जैसे साफ से सफाई

चढ ---------------------------- धुल ---------------------------- चिन ---------------------------- खिल -------------------------------------

भुन ----------------------------- कम ---------------------- रंग -------------------------------------

**प्रश्न 9 तुक वालें शब्द लिखो ।**

शब्द बनाओ जैसे साफ से सफाई

कक्कू --------------------- गाना ---------------------------- कला ---------------------------- तोता ---------------------------- खाल

कार -------------------- रानी ------------------------------ काम .................................... कच्चा ........................................

**प्रश्न 10 वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखो ।**

**1. कपडे धोने वाला ------------------- 2. जो पूजा- पाठ करता हो .......................**

**3 चांद की रोशनी .......................... 4 जो अपनी बुद्धि से काम करता हो -----------------**

**5. जो बहुत झगड़ा करता हो ..............................**

# वर्तनी

**प्रश्न 1 सही शब्द बनाओ ।**

क) कक्कु

ख) भेडिया

ग) सेर

घ) घौडा

ङ) सुरज

च) मख्खी

छ) गित

ज) मरीयल

झ) इर्षा

**प्रश्न 2 वर्तनी ठीक करके लिखो ।**

i) दूद

ii) आशमान

iii) सवागत

iv) सोर

v) भगवन

vi) मक्डि

vii) तक्तवर

viii) परिक्षा

**प्रश्न 3 सही शब्द पर गोला लगाएं ।**

| | | |
|---|---|---|
| i) क) हाथी | ख) हाथि | ग) हथी |
| ii) क) चीडीय | ख) चिडिया | ग) चिडीया |
| iii) क) क्योकी | ख) क्योंकि | ग) कयोकी |
| iv) क) बक्री | ख) बकरि | ग) बक्ररी |
| v) क) बजर | ख) बाज़ार | ग) बज़ार |
| vi) क) पंज | ख) पँजा | ग) पंजा |
| vii) क) अदिक | ख) अधिक | ग़) अधीक |
| viii) क) तरकिब | ख) तरकीब | ग) तर्किब |
| ix) क) पंदित | ख) पंडित | ग) पंदीत |

# रचनात्मक लेखन

**1. बीमारी के कारण अवकाश के लिए अपने प्रधानाचार्य को प्रार्थना-पत्र लिखो ।**

**2.कविता के आधार पर कक्कू के बारें में पाँच वाक्य लिखो।**

**3. शेर के बारें में पाँच वाक्य लिखो।**

5. अपनी दादी के बारें में पाँच वाक्य लिखो।

6. 'मेरे मन की अभिकांक्षा'विषय पर पाँच वाक्य लिखो ।

7. मेरा विद्यालय/स्कूल विषय पर पाँच पंक्तियाँ लिखो ।

8. दीपावली/मेरा प्रिय त्योहार विषय पर पाँच पंक्तियाँलिखो ।

9. पाठ के आधार पर बहादूर बित्तो के बारें में पाँचपंक्तियाँ लिखें ।

10. मूसलाधार बारिश पर पाँच पर पंक्तिया लिखें ।

## गद्य एवं पद्य

प्रश्न 1 कक्कू को झक्कू क्यों कहा जाता था ?

प्रश्न 2 कहानी 'शेखीबाज मक्खी' में आपको कौन सबसे अच्छा लगा? और क्यों?

प्रश्न 3 कहानी 'शेखीबाज मक्खी' के हिसाब से लिखो।

प्रश्न 4 कविता की पंक्तियाँ पूरी करो ।

घमंडी ...................................... डरपोक ,.......................................

चतुर ............................................. आलसी .................................................

प्रश्न 5 शेर किसान से क्या लेने गया था ?

प्रश्न 6 बैल की जान कैसे बच गई?

प्रश्न 7 लोनपोगार किन बातों को सोचकर परेशान होते थे ?

प्रश्न 8 शेर और घोड़े में कई अंतर होते हैं? कोई दो अंतर लिखो?।

प्रश्न 9 सूरज चाँद की रोशनी को कैसे भगा देता है ?

प्रश्न 10 कहानी 'टिपटिपवा में टिपटिपवा कौन था? तुम किस-किस को टिपटिपवा कहोगे?

प्रश्न 11 दोनो बिल्लियाँ किसकी खोज में निकली थी?

प्रश्न 12 दोनो बिल्लियों को तुम क्या कहोगे ? सही उत्तर पर गोला लगाओ।

मूर्ख समझदार चतुर

प्रश्न 13 बिल्लियों के झगडे का निपटारा करने कौन आया ?

प्रश्न 14 लड़ाई- झगडे का निबटारा कहाँ होता है ?

प्रश्न 15 बुढिया की झोपड़ी के पीछे कौन बैठा था?

प्रश्न 16 हवा और बादल में कौन ताकतवर है?

प्रश्न 17 घर में सफाई करने के लिए किन-किन चीजों की जरूरत होती है?

प्रश्न 18 घर के अंदर खेले जाने वाले चार खेलों के नाम लिखो।

प्रश्न 19 धोबी गधे का पता पूछने के लिए किस्के पास गया ।

प्रश्न 20 बित्तो को गुस्सा क्यों आया।